अमर उजाला 07/08/2025

# जीएमएन कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य क्लब का गठन किया

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग, मानसिक स्वास्थ्य क्लब, मनोवैज्ञानिक परामर्श केंद्र और छात्र सेवा केंद्र द्वारा संयुक्त प्रयास से किया गया।

कार्यक्रम में मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. अनुपमा सिहाग ने मानसिक स्वास्थ्य क्लब का गठन किया, जिसका उद्देश्य छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर समर्थन प्रदान करना रहा। मानसिक स्वास्थ्य क्लब के नए सत्र के सदस्यों में शामिल प्रथम वर्ष से सृष्टि और जेसिका, द्वितीय वर्ष से रिद्धि और दशमीत एवं अंतिम वर्ष से महक और मनप्रीत ने सक्रिय भूमिका निभाई। संवाद